# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 06.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का दिल का दौरा पड़ने से हुआ आकस्मिक निधन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया भाोक।**

2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता 15 सितम्बर तक मतदाता सूची में करा सकते हैं संशोधन। एसआईआर के तहत तैयार मतदाता सूची को रखा जाएगा स्थायी अभिलेख के रूप में ।**

3. **रांची नगर निगम ने सामुदायिक भवनों की ऑनलाइन बुकिंग की शुरू, पहले चरण में जोड़ा गया है 5 भवनों को।**

4. **रांची मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा राज्य के 16 जिलों में आज बादल छाए रहने और बारिश का अलर्ट किया गया।**

5. **शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट में एसके ब्रदर्स ने जय मसीह गिरजाटोली लोयो को ट्राइब्रेकर में 5–3 से हराकर खिताब किया अपने नाम।**

********************

झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का दिल का दौरा पड़ने से गिरिडीह के मर्सी अस्पताल में निधन हो गया। मंत्री के निधन की खबर से गिरिडीह समेत पूरे झारखंड में शोक की लहर है और बड़ी संख्या में समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता तथा शुभचिंतक अस्पताल पहुंच रहे हैं। झामुमो जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के अनुसार, मंत्री के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पहले झामुमो जिला कार्यालय और फिर उत्सव उपवन में रखा जाएगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया है।

********************

गिरिडीह में राजकीय सम्मान के साथ राज्य के शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार का अतिंम संस्कार किया जाएगा। गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इसमें शामिल होंगे।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म–6, नाम स्थानांतरण और विवरण सुधार के लिए फॉर्म–8 तथा आपत्ति या नाम विलोपन के लिए फॉर्म–7 जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2026 है। उन्होंने साहेबगंज के बरहरवा में सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की कि वे समय–सीमा के भीतर अपनी और परिवार के पात्र सदस्यों के नाम तथा विवरण की जांच कर संबंधित फॉर्म अवश्य जमा करें।

********************

गिरिडीह के बगोदर में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पर भाकपा माले के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मांग की है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सत्यापन कैंप प्रखंड मुख्यालय के बजाय उनके संबंधित पंचायतों में ही आयोजित किए जाएं। वहीं गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने सरिया में बीएलओ के साथ बैठक कर सभी पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का निर्देश दिया है।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अल्बर्ट एक्का चौक पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन आस्था, कर्मयोग

और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने दही–हांडी प्रतियोगिता को टीम भावना, सहयोग और संतुलन का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

*******************

रांची नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवनों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की है, जिसके तहत पहले चरण में 5 भवनों को जोड़ा गया है। आज से बुकिंग शुरू होगी। शहर के इंदिरा गांधी चौक, ईस्ट जेल रोड, न्यू पुंदाग, इलासिया कम्युनिटी हॉल और ग्वाला टोली स्थित भवनों को 'स्वर्णरेखा' और 'पलाश' श्रेणी में बांटकर क्रमशः 25,000 हजार रुपये और 15,000 हजार रुपये जीएसटी के साथ बुकिंग दर तय की गई है, साथ में 5,000 हजार रुपये रिफंडेबल सिक्योरिटी जमा होगी। नागरिक नगर निगम की अधिकारिक बेवसाईट पर जाकर बुकिंग कर सकते हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि जल्द ही शेष 11 भवनों को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में बुंडू में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न सामाजिक और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

*******************

राज्य में जेपीएससी और जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित अनियमितता, पेपर लीक, ओएमआर लीक, लेन–देन और सेटिंग के आरोपों को लेकर आंदोलन करने वाले छात्रों पर दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग के संबंध में कल मुख्यमंत्री सचिवालय में एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छात्रों पर दर्ज मामलों को तत्काल रद्द करने और आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित मारपीट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

*******************

जेपीएससी जेएसएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी दूर कराने और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कल सिमडेगा के बानो में छात्रों से मुलाकात की और कहा कि सरकार भर्ती व्यवस्था में सुधार करे।

*******************

झारखंड में मानसून का असर लगातार बदल रहा है। आज और कल झारखंड के कई जिलों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज रांची, देवघर, बोकारो और रामगढ़ समेत 16 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास द्वारा रांची में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के फाइनल में एसके ब्रदर्स ने जय मसीह गिरजाटोली लोयो को ट्राइब्रेकर में 5–3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उद्घाटन किया। विजेता एसके ब्रदर्स को मुखिया सोहंती एक्का ने 80 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी और उपविजेता जय मसीह गिरजाटोली लोयो को विमला देवी ने 50 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने अलग अलग खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने** रांची में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समिति द्वारा आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर की सुर्खी है** जीएसटी संग्रह में देश से आगे झारखंड फिर भी राज्य को नुकसान।

दैनिक जागरण का शीर्षक है जेनजी से बोले पीएम बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करने में जान लगा दें।

और

**हिन्दुस्तान ने** रांष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*****समाप्त*************